उद्योग-संस्थान इंटरफेस कार्यक्रम में मंत्री मीत हेयर बोले-

उद्योगों के सामने आने वाली पर्यावरणीय व तकनीकी बाधाओं पर निकालेंगे समाधान

- विद्यार्थियों की ओर से तैयार बैटरी से चलने वाले वाहन का किया निरीक्षण
- मंत्री ने पर्यावरण स्वच्छता पर उद्योगों के लिए तैयार की प्रस्तुति भी देखी

जासं, पटियाला : पंजाब प्रदूषण रोकथाम बोर्ड और थापर उद्योगों के सामने आने वाली समस्याओं को हल करने के लिए काम कर रहे हैं। राज्य में उद्योगों की समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संस्थान के सहयोग से 'औद्योगिक समस्याओं के समाधान के लिए प्रौद्योगिकी' कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। यह बात कैबिनेट मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर ने बुधवार को थापर यूनिवर्सिटी में आयोजित उद्योग-संस्थान इंटरफेस कार्यक्रम के दौरान कहे। राज्य के विभिन्न जिलों के उद्योग प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए मंत्री हेयर ने पीपीसीबी और टीआइईटी के संयुक्त उद्यम की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे राज्य के उद्योगों के सामने आने वाली विभिन्न पर्यावरणीय और तकनीकी बाधाओं पर चर्चा करेंगे और उनका समाधान खोजेंगे। इन दोनों संस्थानों की तरफ से उद्योगपतियों व अनुसंधान समुदाय को साझा मंच दिया गया है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार राज्य में उद्योग को बढ़ावा देने की कोशिश कर रही है, लेकिन पर्यावरण की सफाई भी सरकार की मुख्य प्राथमिकता है, इसलिए अब उद्योगों के सामने आने वाली पर्यावरणीय समस्याओं को हल करने के लिए पीपीसीबी की स्थापना की गई है और टीआइईईटी ने मिलकर कार्यक्रम शुरू किया है ताकि विशेषज्ञों के सुझावों से समस्याओं का समाधान किया जा सके। पीपीसीबी के सदस्य सचिव जीएस मजीठिया ने कार्यशाला के उद्देश्य के बारे में जानकारी दी और कहा कि शैक्षणिक संस्थानों के वैज्ञानिक समुदाय के प्रत्यक्ष हस्तक्षेप के साथ पर्यावरण के मुद्दों से निपटने के लिए किसी भी राज्य द्वारा यह पहली पहल है। जिला योजना समिति के अध्यक्ष जस्सी, नगर सुधार ट्रस्ट के चेयरमैन मेघचंद, एसडीएम डा. इसमत विजय सिंह व डा.अनूप मौजूद रहे।

कैबिनेट मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर बुधवार को थापर यूनिवर्सिटी में आयोजित उद्योग-संस्थान इंटरफेस कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए • जागरण

समस्याओं को दर्ज कराने के लिए वेबसाइट का शुभारंभ

कैबिनेट मंत्री मीत हेयर ने उद्योगपतियों की समस्याओं को दर्ज कराने के लिए वेबसाइट (आई3) का शुभारंभ करते हुए कहा कि उद्योग और अनुसंधान संस्थानों के बीच समन्वय स्थापित करने के लिए वेबसाइट तैयार की गई है जहां समस्याओं का समाधान किया जाएगा। यह वेबसाइट सभी औद्योगिक समस्याओं के लिए सिंगल विंडो समाधान साबित होगी। मंत्री ने सार का विमोचन कर छात्रों की ओर से तैयार बैटरी चालित वाहन को देखा।

तकनीकी समाधान खोजने के किए जा रहे प्रयासों को सराहा

पीपीसीबी के अध्यक्ष प्रो. आदर्शपाल विग ने प्रदूषण को नियंत्रित करने और पंजाब में अच्छी पर्यावरणीय स्थिति बहाल करने में मदद करने के लिए तकनीकी संस्थानों के साथ हाथ मिलाने के लिए बोर्ड द्वारा की गई पहलों को रेखांकित किया। इस दौरान निदेशक टीआइईटी प्रो. गोपालन ने औद्योगिक समस्याओं के तकनीकी समाधान खोजने के लिए उद्योग जगत तक पहुंचने के लिए शैक्षणिक समुदाय द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की।